GOVT. COLLEGE RAU, INDORE

ONE DAY NATIONAL WEBINAR

ON

CHALLENGES IN IMPLEMENTING

NATIONAL EDUCATION POLICY 2020

DATE - 22.08.2023

ABOUT WEBINAR :-

Govt. College Rau, Indore was founded in 2011 and since then it is persistently growing towards new horizon. The college is accredited 'B' Grade by NAAC and has recently got P.G. in 11 major subjects of Arts, Science & Commerce. The college adopts innovative methods of teaching and learning to improve the quality of higher education on a consistent basis. The college has a beautiful and lush green campus with students of different background studying in Arts, Science & Commerce, with affordable Education. Well experienced and renowned teachers strongly encourage students to nurture their future. It aims at providing quality education relevant with present scenario fostering innovation, leadership and entrepreneurial spirit to students. Our alumni have stood out in varied fields such as business & industry, administrative & regulatory services.

ABOUT COLLEGE :-

"Education is not preparation for life; education is life itself." –John Dewey Education is the foundation stone of life. It is important for developing a strong society which will lead to a strong nation. The National Education Policy 2020 is the first education policy of the 21st Century which aims to address the many growing developmental imperatives of our country. The Webinar focuses on discussing the issues and challenges faced during implementation of the National Education Policy-2020

Sub Themes :-

- *Integration of Vocational Education in Traditional Education.*
- *Road Map for Outcome Based Education.*
- *National Education Policy and Nature of Higher Education.*

CHIEF PATRON
DR. KIRANBALA SALUJA
ADDITIONAL DIRECTOR (INDORE DIV.)
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION

शासकीय महाविद्यालय राऊ, इंदौर के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार ***"राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन और उसकी चुनौतियां"*** *विषय से मैं आशा करती हूं कि यह वेबिनार मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बना कर विद्यार्थियों के लिए हितप्रधान बनाएगा। इस हेतु आयोजक संस्था के साथ सभी सहभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

PATRON
DR. SUDHA SURESH SILAWAT
PRINCIPAL
GOVT. COLLEGE RAU, INDORE

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को देश में लागू करने वाला अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश है इस नीति के माध्यम से मध्य प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नवीन द्वार खुल रहे हैं। बदलते वैश्विक परिदृश्य में यह आवश्यक था कि हम विद्यार्थियों को रोजगार तथा व्यवहारिक शिक्षा उपलब्ध कराएं। मध्यप्रदेश में इस योजना को लागू हुए 02 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारे महाविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की चुनौती जैसे विषय का चयन किया है।

विभिन्न महाविद्यालयों से शामिल विद्वान प्राध्यापक इस बात पर मंथन करें कि इस नीति के क्रियान्वयन में कौन–कौन सी चुनौतियां आ रही हैं तथा उन चुनौतियों का समाधान हम कैसे करेंगे।

मुख्य वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ डॉ. अजीत कुमार (Asst. Prof. School of Education IGNOU, New Delhi) तथा डॉ. केसरीलाल वर्मा (Vice Chancellor Chhatrapati Shivaji Maharaj University Navi Mumbai) नवीन शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में जो विचार रखेंगे उनसे भी हम इसके क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बना सकेंगे।

मैं आशा करती हूं कि यह विचार मंथन आप सबके लिए लाभकारी रहेगा।

DR. DHIRENDRA SHUKLA
O S D
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION,
M.P. BHOPAL

राष्ट्रीय वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. धीरेंद्र शुक्ल ओ.एस.डी उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल ने अपने वक्तव्य में बताया कि ***राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियां*** *एक ऐसा विषय है जो वर्तमान स्थिति को देखते हुए बहुत ही प्रासंगिक है। जब उच्च शिक्षा विभाग के पास सेमिनार आयोजित करने के लिए वित्त विभाग से धनराशि प्राप्त हुई तब हम लोगों ने सोचा क्यों ना प्रदेश के समस्त 550 महाविद्यालयों को यह धनराशि आवंटित कर ऑनलाइन वेबिनार करवाया जाए ताकि कम धनराशि में अधिक कार्य हो सके। पहले इतनी ही धनराशि से केवल 50 से 60 महाविद्यालयों में ही सेमिनार आयोजित करवा पाए थे। ऑनलाइन वेबिनार करने का उद्देश्य यह भी है कि सभी कॉलेज से विभिन्न विषयों पर प्रदेश अधिकतम प्रोफेसर एवं शोधार्थी वक्ताओं के विचार, आलेख पत्र अथवा सारांश हमें पत्रिका अथवा पीडीएफ के रूप में प्राप्त हो सकेंगे जिसे विभाग द्वारा पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा। महाविद्यालय को वेबिनार आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं।*

CONVENOR
DR. ANIL SINGH
GOVT. COLLEGE RAU, INDORE

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि NEP 2020 को लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। राज्य में सत्र 2021–22 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू है। हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में लागू किया है। इन दो शैक्षणिक सत्रों के दौरान हमने कई चुनौतियों का भी सामना किया है। इस वेबिनार के माध्यम से निश्चय ही हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने एवं सुचारू रूप से चलाने में होने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा कर उनके यथासंभव हल निकाल पाएंगे।

DR. AJITH KUMAR C.
ASSISTANT PROFESSOR
SCHOOL OF EDUCATION IGNOU
NEW DELHI

वेबिनार के प्रथम मुख्य वक्ता के रूप में IGNOU नई दिल्ली से डॉ. अजित कुमार उपस्थित थे। उन्होने नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विस्तृत व्याख्यान दिया। शिक्षा नीति की पूर्ण संरचना एवं व्यावहारिकता पर केन्द्रित अपने व्याख्यान में उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नवीन बदलावों की ओर ध्यान आकर्षित किया। विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में होने वाले कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्होने बताया की Multi Disciplinary Education तथा Research University बनाई जाएगी। उच्च गुणवत्ता के सहयोग सेन्टर बनाएं जाएंगें। विश्वगुरू की तर्ज पर हर उच्च शिक्षा विभाग में अंर्तराष्ट्रीय छात्र ऑफिस बनाया जाएगा। फॉरेन यूनिर्वसिटी केम्पसेस को भारत में लाया जाएगा। विभाग द्वारा टीचर एजुकेशन प्रोग्राम संचालित किये जाएंगे । स्नातक तथा स्नातकोत्तर प्रोग्राम की संपूर्ण संरचना के अंतर्गत प्रथम वर्ष सर्टिफिकेट, द्वितीय वर्ष डिप्लोमा तथा तृतीय वर्ष स्नातक डिग्री कहलाएगा। चतुर्थ वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक डिग्री रिसर्च के साथ दी जाएगी। अपने वक्तव्य में उन्होंने पारंपरिक कक्षाएं तथा ऑनलाइन कक्षाओं के बीच अंतर समझाया। उन्होंने Learning Management System (LMS) के बारे में चर्चा की। शिक्षण जगत में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों जैसे शिक्षक की उपलब्धता, कोर्स फ्रेम करना, किसी भी मोड से अध्ययन करना, आदि शामिल करना। उन्होंने ऑनलाइन तथा डिजीटल ऐजुकेशन के बारे में समझाया। वर्चुअल लेब तथा डीजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की चर्चा की। ऑनलाइन असेसमेंट तथा परीक्षा पद्धति समझाइ। अध्ययन के ब्लेंडेड मॉडल के बारे में बताया । अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने छात्रों की सुविधा के लिए बनाए गए "अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट" के बारे में चर्चा की। नई शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियों के संदर्भ में उन्होंने बताया की शिक्षकों को तथा छात्रों को मोटिवेट करने की आवश्यता है तथा डीजिटल साक्षरता की अनिवार्यता बताई।

Dr. Keshari Lal Verma
Vice Chancellor
Chhatrapati Shivaji Maharaj University
Navi Mumbai, Maharashtra

दिनांक 22.08.2023 को शासकीय महाविद्यालय राऊ में आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार के द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. केसरी लाल वर्मा, ¼कुलपति, छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय नवी मुंबई, महाराष्ट्र½ ने अपने वक्तव्य में बताया कि शिक्षा सीखने और सीखाने की क्रिया है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना है। आगे आने वाले समय में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वैश्विक स्तर पर ज्ञान के क्षेत्र में भारत को तैयार करने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 तैयार की गई है। नई शिक्षा नीति 2020 धर्म, लिंग, जाति या पंथ के किसी भेदभाव के बिना सभी को बढ़ने और विकसित होने के लिए मंच प्रदान करती है और इसका उद्देश्य सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके मौजूदा जीवंत ज्ञान को बनाए रखना और उसकी देखभाल करना है।

नई शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक कक्षा तक की शिक्षा में क्षेत्रीय भाषा को अपनाने और आगे की शिक्षा में मातृभाषा को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। पाठ्यक्रम के बोझ को कम करते हुए कौशल के विकास, अनुभव आधारित शिक्षण तथा तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है। वर्ष 2030 तक सभी को साक्षर बनाने का लक्ष्य रख गया है।

उन्होने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को मौजूदा से बढाकर 50 प्रतिशत तक ले जाना है। देश में अनुसंधान कार्य को बढावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की जायेगी। विदेशी विश्वविद्यालय भी अपने परिसर भारत में खोलेंगे जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

डॉ. केसरी लाल वर्मा ने नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में कई चुनौतियों की भी चर्चा की जिसमें उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना, विश्वविद्यालयों में बुनियादी ढांचे में कमी तथा शिक्षकों की कमी को दूर करना प्रमुख हैं।

TABLE OF CONTENTS

S.No.	Title & Author	Page No.
1	NEP 2020: A Solution for Youth Unemployment in India - DR. ANIL SINGH	01-04
2	राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की चुनौतियां - PROF. A.S. RAO	05-09
3	राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उच्च शिक्षा का स्वरूप - DR. DEEPALI VERMA	10-13
4	Challenges, Problems, Obstacles and Suggestions for Improving the Quality of HEIs Regarding NEP 2020 - DR. K.R. KANUDE	14-19
5	Study of NEP 2020:Objectives , Features , Challenges and Suggestions - DR. MAHENDRA ALONE	20-25
6	रोज़गारपरक शिक्षा एवं बेहतर करियर प्रदान करने में नई शिक्षा नीति 2020 का योगदान – शासकीय महाविद्यालय राऊ के विशेष संदर्भ में - DR. M.S.DAWAR - MISS RUCHIKA KASHYAP	26-29
7	राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षा का स्वरूप - PROF. MANISH MAHANT	30-34
8	Impact of New Education Policy (NEP-2020) on Students and their Holistic Development - DR. N.P. RAJPOOT	35-49
9	वर्तमान परिदृश्य में नई शिक्षा नीति की चुनौतियां एवं सुझाव (एक वर्णनात्मक अध्ययन) - PROF. REKHA VERMA	50-53
10	राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में ऑनलाइन प्रवेश – समस्याएं एवं सुझाव - MISS JULEE RATHORE	54-56
11	विद्यार्थियों के समग्र विकास में पुस्तकालय की भूमिका– राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में - MRS. MAMTA SOLANKI	57-58
12	राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – अवसर एवं चुनौतियां - DR. D.C. RATHI	59-60
13	National Education Policy (2020) and its Implementation - DR. JYOTI TANEJA	61-64
14	National Education Policy 2020: Reformation in Education - PROF. HEMLATA THAKUR	65
15	नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – प्रभावशीलता - DR. MALTI SOLANKI	66
16	National Education Policy 2020 and Youth Empowerment - DR. SHWETA HARDIA	67
17	Libraries in view of National Educational Policy 2020 - DR. SUREKHA PANDIT	68

ACCENT JOURNAL OF ECONOMICS ECOLOGY & ENGINEERING
Peer Reviewed and Refereed Journal, ISSN NO. 2456-1037
Available Online: www.ajeee.co.in/index.php/AJEEE

NEP 2020: A SOLUTION FOR YOUTH UNEMPLOYMENT IN INDIA

Dr. Anil Singh

Professor
Government College Rau, Indore

Abstract

The best education system changes the destiny of the nation. All the developments in any country depend on the quality of education it provides to its citizens. A sustainable growth is only possible when there is a strong foundation of value system inculcated in its basic education system. The growth of nation is measured in terms of its economic development in which employment plays avery important role. Employment is a basic requirement for a happy livelihood and to improve the quality of life. It also plays a major role in social and economic development of any nation. On the contrary, unemployment increases poverty, stress, crime rate and imbalance in social and economic status. Unemployment leads the youth to social evils like dishonesty, immorality, drinking, gambling, robbery etc. India has one of the youngest populations in the world. India enjoys a demographic dividend where more than 50 percent of its population is youth. The best education policy is necessary to handle these issues of unemployment. The paper attempts to study the importance of National Education policy 2020 and problem of unemployment among the youth of India.

Research methodology:

This research is a descriptive study. The necessary secondary data was collected from various websites including those of Government of India, magazines, journals, other publications, etc. This data was then analyzed and reviewed to arrive at the inferences and conclusions.

Key Words: NEP 2020, unemployment, policy, higher education, holistic.

Introduction:

Education system is the foundation to all the developments in a country. It is a guiding principle to suggest where the nation should go. It moulds the minds of the youth and make them participate in national development. Youth is the valuable human resource of every country. The young Indiashould be guided and should be utilized for the progress of the nation. Unemployment leads the youth to social evils like dishonesty, immorality, drinking, gambling, robbery etc. India has one of the youngest populations in the world. India enjoys a demographic dividend where more than 50 percent of its population is in the working age group of 15 to 59 and 28 percent in age group 15-29.According to Confederation of Indian Industry (CII) report it is said, "If India does not create enough jobs and its workers are not adequately prepared for those jobs, its demographic dividend may turn into a liability. And education and skill development will be the biggest enablers for reaping this dividend." Hence, the present National Education Policy 2020 aimed at finding solutions for the socio-economic problems of India. NEP 2020 is a document that focusses on practical and holisticeducation based on our Ancient Indian Knowledge System mixing with modernity.

What is NEP?

National Education Policy (NEP) is a set of policies formulated by the Government of India to promote education amongst Indian people. NEP is basically a comprehensive framework to guide the development of education in the country. India has seen three education policies in its post-

independence history. Education Policy lays particular emphasis on the development of the creative potential of each individual. It is based on the principle that education must develop not only cognitive capacities - both the 'foundational capacities 'of literacy and numeracy and 'higher-order'cognitive capacities, such as critical thinking and problem solving – but also social, ethical, emotional capacities and dispositions. The new education policy must be provided to all students, irrespective of their place of residence, a quality education system, with particular focus on historically marginalized, and under represented groups. Education is a great leveler and is the best tool for achieving economic and social mobility, inclusion, and equality. Initiatives must be in place to ensure that all students from such groups, despite inherent obstacles, are provided various targeted opportunities to enter and excel in the educational system.

Unemployment and the New Education Policy: Over the past few years, employability has remained a top challenge for employers as well as job seekers.

The National Education Policy of 2020 was announced by the Ministry of Human Resource and Development which aimed to bring about a change in the Indian education system to meet the employment needs of the 21st century and to wipe off unemployment. This new policy sought to rectify the poor literacy rate in primary schools, reduction in school dropout rates and adopt a multi-disciplinary approach in the higher education system. In addition, the NEP 2020 also focuses on restructuring the curriculum and pedagogy by focusing on childhood care, restructuring exams and assessments and investing in teacher training programs. In other words, the National Education Policy also aims at bringing about a holistic change in the education system, and the effectiveness of the system will depend upon the reduction of unemployment

NEP 2020: Solution to Employment Rate in India:

For a long time now the Indian education system was being questioned for its lack of effectiveness. Business leaders struggled to find job-ready talent and job-seekers grappled to find a job where their skills match the demand but now the future looks promising with a new revised policy in process that aims to focus on the holistic development of the emerging workforce- students. This new policy has proposed significant changes in school and higher education. The National Education Policy, 2020 is meant to provide an over arching vision and comprehensive framework for both school and higher education.If implemented effectively, the policy can help reshape the future of the workforce and help the emerging job seekers become more job-ready. With the new policy coming in picture, the school and college education will not only be seen as a facilitator of degree but it will be treated as a medium to build personality and it will help the students in their holistic professional growth. the new policy seems to focus more on skill development over points like just building a good "report card" and hence, will lead to the creation of a more educated and employable Indian population. Choice Based Credit System & a break from traditional career path". NEP empowers the future workforce with more flexibility to choose their courses.There will be no hard separation among 'curricular','extracurricular ', or 'co-curricular', among 'arts', 'humanities', and 'sciences', or between 'vocational' or 'academic' streams." to close the gap in achievement of learning outcomes, classroom transactions will shift, towards competency-based learning and education. A focus on essential subjects, skills, and capacities relevant for all.The traditional education system lacked the focus on building such competencies but the new policy has increased the scope of learning beyond subject-matters and made learning these skills essential.

India needs to create employment opportunities for the hundreds and thousands of young men and women who graduate from our colleges and universities every year. According to International labor Organization (Global employment trends for youth 2022) Like many countries in the world, India experienced severe working-hour and employment losses in 2020, and once again during

another, shorter, period in 2021. However, in contrast to most other countries, Indian youth employment in 2021 deteriorated with respect to 2020, despite an overall average improvement in the labor market. Meanwhile in the field of higher education, many changes are witnessed in the country. According to AISHE Report, Gross enrolment ratio in higher education recorded at 27.1 percent in 2019-20, slightly higher from 26.3 percent in 2018-19. For males, it has also increased from 26.3 percent in 2018-19 to 26.9 percent in 2019-20 while for females it has increased from 26.4 percent to 27.3 percent respectively. Youngsters in the age group 15 to 24 years hold the greatest promise as the source for economic growth of a nation. This is the age when people graduate from educational institutions and step into the labour markets to chart a career or at least make a livelihood. People usually complete high school (12th standard) by 18 years of age, graduation by 21years and postgraduation by 23 or 24 years. The transition from education to employment begins at different stages for different people during these years. In India, most people seem to make this transition after high school. Education may never end, but in the modern world, employment must begin somewhere between 15 and 24 years of age. The new education policy builds confidence among the youth as the skills are taught at the early level. Project works, interrnships and innovative research permitted in UG education helps build the career.The NEP tackles several important gaps inthe present education system - it creates a more holistic approach, dedicates a much higher investment, focuses on gross enrollment; it is, ideal in every manner. One of the major practical problems that arise from the same is unemployment. The National Education Policy has many significances. First it has realised the importance of educating the child in the formative years i.e.from 3 to 8 as it is believed that these years are vital for shaping the child's future. Secondly, it has broken from the stringent division of science, arts and commerce, thereby laying the foundation of the multidisciplinary approach. Thirdly, it acted as the meeting point for skills and education. This acted as a paradigm shift in education. Fourthly, the New Education Policy made education more inclusive by leveraging online pedagogy and learning methodologies for escalating mass enrolment in higher education. Fifthly, the NEP 2020 states that universities among the top universities in the world will be able to set up campuses in India. This will make way for the placements to take place and thus more educated people will be given employment. Most importantly, the NEP 2020 emphasises imparting education in the mother tongue till Grade 5 as it is considered the best way of teaching.

Suggestion:

NEP 2020 is a comprehensive document with holistic objective to transform the face of the country from India to Bharat. The policy will be successful when all the stakeholders participate in implementing it. It has to absorb the best element and mix ancient Indian knowledge system for a better future of the entire world.

Conclusions:

To conclude it can be said that the New Education Policy aimed at making the education system more holistic so that once passing from high school, students do not face difficulty in finding jobs. Since the inception of this education policy, the unemployment rate over the last two years has been reduced.The unemployment problem in India can be solved with the best implementation of NEP 2020. The youth will be benefitted by the policy as it is more student friendly. The purpose of NEP 2020 is to give what the students need and not the institution offers.This would lead to interest-based education and need based learning. It is hoped that the complete implementation of policy would lead to great outcomes. Indian youth would be empowered with best vocational skills in future.

Works Cited

1. International labor Organization Report

2. AISHE Report

3. NEP 2020 Regulations

4. Global Employment Trends for Youth 2022

5.NEP 2020 Draft Document

ACCENT JOURNAL OF ECONOMICS ECOLOGY & ENGINEERING
Peer Reviewed and Refereed Journal, ISSN NO. 2456-1037
Available Online: www.ajeee.co.in/index.php/AJEEE

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की चुनौतियां

अनुराग सिंह राव
सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र,
शासकीय महाविद्यालय राऊ, इन्दौर

भूमिका :– प्रसिद्ध दार्शनिक कन्फ्युशस का कथन है कि **"अज्ञानता एक ऐसी रात्री के समान है जिसमें न चांद है और न तारे"** इसीलिए किसी राष्ट्र की **"दशा और दिशा"** का निर्धारण करने के लिए शिक्षा सर्वोपरि है। 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्रता के पश्चात देश के नीति निर्माताओं ने यह महसूस किया कि भारत के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि तो हुई पर उच्च शिक्षा का स्तर वैश्विक परिदृश्य के दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ था। इसलिए 1948–49 में महान शिक्षाविद् सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में राधाकृष्णन आयोग का गठन कर विश्वविद्यालय शिक्षा में सुधार, उच्च शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों की आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, पर्याप्त शैक्षणिक स्टाफ के साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक नैतिक, शारीरिक तथा प्रबंधकीय, उद्योग, व्यवसाय और वाणिज्य की शिक्षा पर बल दिया गया।

इसी तारतम्य में **1953 में भारत सरकार के द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना** की गई। साथ ही शिक्षा के उत्थान के लिए समय–समय पर निम्न आयोग एवं समितियों का गठन किया गया।

01 माध्यमिक शिक्षा पुनर्गठन समिति	1952–53
02 माध्यमिक शिक्षा आयोग	1952–53
03 भारतीय शिक्षा आयोग	1964–66
04 राष्ट्रीय शिक्षा नीति	1986
05 संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति	1992
06 मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम	1995
07 सर्व शिक्षा अभियान	1999
08 शिक्षा का अधिकार अधिनियम	2009
09 राष्ट्रीय शिक्षा नीति	2020

इस प्रकार विश्व के सभी राष्ट्रों की शिक्षा का उद्देश है अपने राष्ट्रों की संस्कृति, सामाजिक मूल्यों, राष्ट्र में उपलब्ध संसाधनों के द्वारा एक विद्यार्थी में निम्न गुणों का समावेश करना उन्हें राष्ट्र का सच्चा, कर्तव्यनिष्ट और उत्तरदात्यिवपूर्ण नागरिक का निर्माण करना।

शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य :–

- मानव के बौद्धिक विकास में वृद्धि
- व्यक्तित्व का निर्माण
- मानव में सभ्यता के गुणों का समावेश
- नैतिक उन्नति का प्रयास
- आर्थिक विकास में योगदान
- सामाजिक अनुकूलन में सहायता प्रदान करना
- जीवन को पूर्णता प्रदान करना

इस प्रकार देश की युवाशक्ति को राष्ट्र का सच्चा, कर्तव्यनिष्ठ और उत्तरदायित्व पूर्ण नागरिक बनाने में शिक्षा का सबसे अधिक और महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसीलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने लिखा है कि **''शिक्षा से मेरा तात्पर्य बालक और मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है।''**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

वैश्विक स्तर पर तीव्रगति से सर्वांगीण क्षेत्रों में होने वाले परिवर्तनों को दृष्टिगत रखकर वर्तमान समय के नीति निर्माताओं ने **''वैश्विक शिक्षा विकास संकल्पना के अनुरुप भारत में सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए समावेशी एवं समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा''** व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों में वृद्धि किए जाने के लक्ष्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी की अध्यक्षता में तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 29 जुलाई 2022 से देश में लागू किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्यः–

- शिक्षा कों उत्कृष्ट बनाकर, भारत को वैश्विक स्तर पर ज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनाना।
- भारत की संमृद्ध ज्ञान परंपरा से शिक्षा को जोड़ना।
- मातृभाषा के महत्व में वृद्धि करना।
- विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकियों से परिपूर्ण कर वैश्विक विकास के स्तर से तालमेल स्थापित करना।

- शिक्षा के साथ ही साथ विद्यार्थियों में कौशल संवर्धन में वृद्धि कर व्यक्ति की रोजगार मूलकता में वद्वि करना।
- विद्यार्थियों के अंदर समस्या–समाधान, तार्किक एवं रचनात्मक रूप से चिंतन करने के गुणों को विकसित करना।

इस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश की पहली ऐसी शिक्षा नीति है जिसमें **"देश के विकास संबंधित अनिवार्य आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर राष्ट्र के विद्यार्थियों को ग्लोबल सिटीजन बनाना है।"** सौभाग्य से मध्य प्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य है, जिसने 28 अगस्त 2021 को प्रदेश के राज्यपाल माननीय मंगू भाई पटेल, माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी के आतिथिय में इस शिक्षा का शिक्षा नीति का विधिवत उद्घाटन कर राज्य के युवाओं को वर्तमान परिस्थितियों के साथ तालमेंल कर शिक्षित होने का सुअवरसर प्रदान किया है।

: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की चुनौतियाँ :

इस प्रकार मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का तृतीय वर्ष है। परंतु मध्य प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति, पाठ्यक्रम के निर्माण, नीति एवं नियमों की उपलब्धता, प्रदेश की सामाजिक परिस्थितियों आदि के कारण उक्त शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में निम्न चुनौतियों का सामना शिक्षा जगत के लोगों एवं विद्यार्थियों को करना पड़ रहा है:–

- **शैक्षणिक संस्थानों में आधारभुत संसाधनों की न्यूनता :–** मध्यप्रदेश के शैक्षणिक संस्था विशेषकर ग्रामीण अंचल के शासकीय महाविद्यालय में आधुनिक तकनीकियों से शिक्षा प्रदान करने हेतु आधारभुत संसाधनों की अत्यंत कमी है। जैसे कम्प्यूटर सुविधा, नेटवर्क सुविधा, स्मार्ट बोर्ड, ई–लाइब्रेरी सुविधा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम अनुरूप पुस्तकों की उपलब्धता आदि।
- **असंतुलित शिक्षक–विद्यार्थी अनुपात :–** प्रदेश के अधिकांश शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेशित विद्यार्थियों के अनुपात में संबंधित विषयों में विद्यार्थी–शिक्षक अनुपात में अत्यधिक अंतर होने के कारण शैक्षणिक गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है।
- **कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम के अनुरुप संसाधन एवं स्टॉफ की कमी :–** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप विद्यार्थियों को रोजगार मूलक शिक्षा प्रदान करने हेतु 25 विषयों के कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम व्यवहारिक रूप में विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। परंतु सैद्धांतिक रूप में इस पाठ्यक्रमों को सीखने और सीखाने के लिए संस्थानों में प्रयोगशालों एवं दक्ष शिक्षकों का अभाव इस नीति को प्रभावशाली नहीं बनाने दे रहा है।

- **ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धिः–** विगत 2021–22 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में (स्नातक स्तर) के विद्यार्थियों में ड्रॉप आउट का प्रतिशत 15-20 % या उससे भी अधिक देखने को मिल रहा है। जिस पर चिंतन की आवश्यकता है।
- **व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों की कमी :–** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतगर्त विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावसायिक एवं व्यवाहारिक ज्ञान प्रदान करने हेतु प्रशिक्षुता/शिक्षुता, परियोजना कार्य एवं सामुदायिक कार्य/सेवा कार्य पाठ्यक्रमों का भी प्रावधान है। परन्तु उक्त व्यावसायिक एवं व्यावहारिक पाठ्यक्रमों को सीखने–सीखाने के लिये प्रशिक्षण संस्थानों की अनुपलब्धता है जहाँ विद्यार्थियों को उक्त कौशल में दक्ष किया जा सकें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियों के समाधान हेतु सुझाव

- शैक्षणिक संस्थानों में **आधुनिकतम प्रणाली से शिक्षा प्रदान करने हेतु आवश्यक संसाधनों** जैसे **कम्प्युटर, नैटवर्क सुविधा, स्मार्ट बोर्ड, ई–लाईब्रेरी एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता** शीघ्रता से पूर्ण की जानी चाहिए।
- **शिक्षक विद्यार्थी के अनुपात के असंतुलित अंतर को दुर करने** के लिये उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन कों त्वरित रूप से कार्यवाहि करनी चाहिए।
- **कौशल संर्वधन के पाठ्यक्रम के अनुरूप महाविद्यालयों में प्रयोगशाला हेतु बजट, संसाधनों एवं दक्ष स्टॉफ की पुर्ती** हेतु शासन को पहल करनी चाहिए।
- ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की संख्या में कमी लाने के लिये **स्कूल स्तर से ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्ययन हेतु नीवं तैयार** करनी चाहिए।
- प्रशिक्षुता/शिक्षुता जैसे व्यावसयिक कौशल संर्वधन के पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण के लिये **नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्वरोजागर के केंद्रों** जैसे RSETI आदि के साथ शासन स्तर पर अनुबंध कर, इन संस्थानों को महाविद्यालयिन विद्यार्थियों को कौशल विकास संबधित प्रशिक्षण देने के लिये निर्देशित किया जाना चाहिए।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिये **उपलब्ध नियमों में पाइजाने वाली कमियों** के लिये प्रदेश स्तर के प्राध्यापकों से चर्चा कर, **कमियों का युक्ति युक्त तरिके से समाधान** किया जाना चाहिए।

: संदर्भ ग्रंथ सूची :

- अग्रवाल भरत एवं मुकर्जी रविन्द्रनाथ – समाजशास्त्र

- नन टी.पर्सी – एजुकेशन : इट्स डाटा एडं फर्स्ट प्रिंसिपल
- श्रीवास्तव ए. पी एवं गजपाल एल.एल – समाजशास्त्र
- शंकर राव सी.एन. – सोशियोलॉजी ऑफ इंडियन सोसाइटी
- उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन – नई शिक्षा नई उड़ान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

ACCENT JOURNAL OF ECONOMICS ECOLOGY & ENGINEERING
Peer Reviewed and Refereed Journal, ISSN NO. 2456-1037
Available Online: www.ajeee.co.in/index.php/AJEEE

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उच्च शिक्षा का स्वरूप

डॉ. दीपाली वर्मा
सहायक प्राध्यापक,
शास.महाविद्यालय राऊ, इन्दौर

सारांशः

शिक्षा, पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने एक न्याय संगत और न्याय पूर्ण समाज के विकास और राष्ट्रीय विकास को बढावा देने के लिए मूलभूत आवश्यकता है। शिक्षा से आर्थिक और सामाजिक प्रगति होती है इसलिए प्रत्येक देश अपनी परंपरा के अनुसार अलग–अलग शिक्षा प्रणाली अपनाते हैं क्योंकि किसी भी देश के विकास के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर एक अच्छी तरह से सोची समझी और परिभाषित की गयी भविष्य की शिक्षा नीति की आवश्यकता होती है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020), जिसे 29 जुलाई 2020 को भारत के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, यह भारत की नई शिक्षा प्रणाली के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

NEP 2020, 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर किया गया एक सुधार है जिसके लिए जनवरी 2015 में, पूर्व कैबिनेट सचिव टी.एस.आर. सुब्रमण्यम के नेतृत्व में एक समिति गठित की गयी जिसने नई शिक्षा नीति के लिए परामर्श प्रक्रिया को शुरु किया इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर जून 2017 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में एक पैनल द्वारा 2019 में एनईपी का मसौदा प्रस्तुत किया गया था नीति का उद्देश्य यह है की 2021 तक भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए प्रयास किया जाये तथा किसी को भी किसी भाषा विशेष का अध्ययन करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। एनईपी में भाषा नीति की प्रकृति में व्यापक दिशा निर्देश दिए गए।

प्रस्तावना–

शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने तथा एक न्याय संगत व न्यायपूर्ण समाज के विकास और राष्ट्रीय विकास को बढावा देने के लिए मूलभूत आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना वैश्विक मंच पर सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नति, राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के संदर्भ में भारत की सतत् प्रगति और आर्थिक विकास की कुंजी है। सार्वजनिक उच्चतर स्तरीय शिक्षा वह उचित माध्यम है, जिससे देश की समद्ध प्रतिभा और संसाधनों का सर्वोत्तम विकास और संवर्द्धन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व की भलाई के लिए किया जा सकता है। अगले दशक में भारत दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश होगा इन युवाओं को उच्चतर गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा।

शिक्षा से आर्थिक सामाजिक प्रगति होती है, इसलिये प्रत्येक देश अपनी परंपरा के अनुसार अलग अलग शिक्षा प्रणाली अपनाते है क्योकि किसी भी देश के विकास के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर एक अच्छी तरह से सोची समझी और परिभाषित की गई भविष्य की शिक्षा नीति की आवश्यकता होती है।

राश्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) जिसे 29 जुलाई 2020 को भारत के केन्द्रीय मंत्रीमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, यह भारत की नई शिक्षा प्रणाली के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 पर नई शिक्षा नीति 2020 एक सुधार है। यह नीति व्यापक है इसमें प्रारंभिक शिक्षा के लिए जो रूपरेखा बनाई गई है उसमें उच्च शिक्षा के साथ–साथ भारत के ग्रामीण और शहरी दोनो क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए भी स्थान दिया गया है।

ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सन् 2030–2032 तक भारत दस ट्रिलियन डॉलर की अनुमानित जी.डी.पी. के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तो यहां ये बात ध्यान देने योग्य है कि दस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्थाएं भारत के प्राकृतिक संसाधनों से संचालित नही की जा सकती इनको संचालित करने के लिए ज्ञान के संसाधनों की आवश्यकता पडेगी और इस आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए, भारतीय शिक्षा क्षेत्र के विकास को बढावा देने के लिए वर्तमान सरकार ने राश्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शुरू करने का निर्णय लिया है।

अध्ययन के उद्देश्य–

01. नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानना।
02. नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों एवं सिद्धांतों के बारे मे जानना।
03. नई शिक्षा नीति 2020 पुरानी शिक्षा नीति से किस प्रकार भिन्न है, इसको जानना।
04. नई शिक्षा नीति में अभिभावकों एवं शिक्षकों हेतु क्या नवाचार है? को जानना।

शोध प्रविधि–

यह लेखपत्र द्वितीयक स्त्रोतों के माध्यम से लिखा गया है। इस हेतु विभिन्न रिपार्ट, समाचार पत्रों एवं पुस्तकों से तथ्यों का संकलन किया गया है।

साहित्य की समीक्षा–

संक्षेप में, इसमें पिछले अध्ययनों की समीक्षा प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, जो इस अध्ययन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रासंगिक है। इसमें नई शिक्षा नीति 2020 और विशेष रूप से उच्च शिक्षा से संबंधित अध्ययनों पर किए गए कार्यों की एक झलक देखने को मिलती है।

सिंह दुर्गेश 2020 ने अपने लेख पत्र में लिखा है कि भारत की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था त्रीस्तरीय है जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा भाामिल है। यह शिक्षा व्यवस्था शिक्षित लेकिन रोजगार विहिन युवाओं को तैयार करती है। जिससे स्पष्ट होता है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था विश्व स्तर के कुशल एवं दक्ष युवा तैयार करने में सक्षम नहीं है। सरकार को इसके लिए शिक्षा में निवेश करना होगा। यद्यपि सरकार ऐसा कर भी रही है। देश में 34 सालों बाद नई शिक्षा नीति आई है जो भोधपरक, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देती है। सरकार का यह प्रयास है कि 45 हजार से अधिक महाविद्यालयों और 15 लाख से अधिक स्कूलों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप परिवर्तन किया जाए तथा तेजी से बदलते सामाजिक आर्थिक वैश्विक परिवेश में देश के युवाओं को सक्षम बनाया जाए।

कुरियन अजय और चंद्रमना सुदीप के शब्दों में, "नई शिक्षा नीति 2020 की घोषणा पूरी तरह से कई लोगों द्वारा अप्रत्याशित थी। नई शिक्षा नीति 2020 ने जिन बदलावों की सिफारिश की है, वे कुछ ऐसे थे जिन्हें कई शिक्षाविदों ने कभी आते नहीं देखा। यद्यपि शिक्षा नीति ने स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को समान रूप से प्रभावित किया है, यह लेख मुख्य रूप से नई शिक्षा नीति 2020 और उच्च शिक्षा पर इसके प्रभाव पर केंद्रित है। यह पत्र नई शिक्षा नीति की मुख्य विशेषताओं को भी रेखांकित करता है और विश्लेषण करता है कि वे मौजूदा शिक्षा प्रणाली को कैसे प्रभावित करते हैं। नई शिक्षा नीति में रीयल–टाइम मूल्यांकन प्रणाली और परामर्शी निगरानी और समीक्षा ढांचे के लिए आश्वस्त रूप से प्रावधान किया गया है। यह शिक्षा प्रणाली को पाठ्यक्रम में बदलाव के लिए हर दशक में एक नई शिक्षा नीति की अपेक्षा करने के बजाय, अपने आप में लगातार सुधार करने के लिए सशक्त बनाएगा। यह अपने आप में एक उल्लेखनीय

उपलब्धि होगी। नई शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा के लिए एक निर्णायक क्षण है। प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन ही इसे वास्तव में पथप्रदर्शक बना देगा।

नई नीति का विजन ही ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जिसमें भारतीय परम्पराओं और मूल्यों को जगह मिले। शिक्षा प्रणाली में इण्डिया की जगह भारत की झलक मिले। इसका उद्देश्य ऐसी समतावादी और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली बनाना है जिससे एक ज्ञान आधारित समाज का निर्माण हो। इसमें प्राचीन ज्ञान से लेकर आधुनिक ज्ञान को शामिल किया गया है। इस नीति के प्रमुख सिद्वान्त इस प्रकार है–

1. हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं की स्वीकृति, पहचान और उनके विकास हेतु प्रयास करना।
2. बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सर्वाधिक प्राथमिकता देना।
3. शिक्षा में लचीलापन लाना ताकि शिक्षार्थियों में उनके सीखने के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने की आजादी हों।
4. कला एवं विज्ञान, पाठ्यक्रम और पाठ्येत्तर गतिविधियों में, व्यावसायिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में विरोध एवं अलगाव की भावना नहीं हो।
5. एक बहु विषयक और समग्र शिक्षा का विकास करना।
6. अवधारणात्मक सोच का विकास करना न कि रटंत एवं परीक्षा की पढ़ाई पर जोर।
7. रचनात्मक एवं तार्किक सोच का विकास करना ताकि नवाचारों को प्रोत्साहन मिले।
8. नैतिकता, मानवीय और संवैधानिक मूल्यों का विकास करना।
9. बहुभाषा शिक्षा प्रणाली अपनाना ताकि अध्ययन–अध्यापन कार्य में भाषा की शक्ति को पहचान मिल सके।
10. जीवन कौशल अर्थात आपसी संवाद, सहयोग, सामूहिक कार्यों को बढ़ावा देना।
11. सीखनें के लिए सतत् मूल्यांकन पर जोर देना न कि परीक्षा को महत्व देना ताकि कोचिंग संस्कृति का बिना हो सकें।
12. शिक्षा को सरल एवं सुलभ बनाने के लिए तकनीक पर जोर देना।
13. विविधता और स्थानीय परिवेश को ध्यान में रखते हुए शिक्षा देना।
14. सभी शैक्षणिक निर्णयों में पूर्ण क्षमता और समावेशन को ध्यान में रखना।
15. विद्यालय से महाविद्यालय शिक्षा तक सभी स्तरों के पाठ्यक्रमों में तालमेल एवं सामंजस्य बिठाना।
16. शिक्षकों एवं संकाय को सीखने का केंद्र मानते हुए इनकी भर्ती आदि हेतु उन्नत सुविधाओं का विकास करना।
17. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विकास के लिए उत्कृष्ट स्तर के शोध का विकास करना।
18. भारतीय परम्पराओं एवं गौरव का विकास करना। देश की प्राचीन एवं आधुनिक संस्कृति, ज्ञान एवं परम्पराओं का समावेश करना।
19. शिक्षा को सार्वजनिक सेवा मानते हुए इसे प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार माना जाए। इस हेतु आवश्यक प्रयास करना।
20. मजबूत और जीवंत शिक्षा प्रणाली हेतु शिक्षा में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा देने के लिए निजी एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना।

सभी पाठ्यक्रमों में सुधार प्रारम्भ से ही किया जाएगा। शिक्षा के व्यावसायिकरण पर रोक लगेगी। अगर कोई संस्थान अतिरिक्त कमाई करता है तो उसे शिक्षा के विकास में खर्च करना होगा। शिक्षा का क्षेत्र ही ऐसा है जहाँ पर किया गया विनियोग कभी भी बेकार नहीं जाता। शिक्षा में बार–बार नवीन परिवर्तन करने की बजाए मौजूदा योजनाओं को ही सही व्यवस्था एवं तरीकों से लागू करना चाहिए। गरीब और वंचित वर्गों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। एक कल्याणकारी देश की उन्नति एवं उन्नत भविष्य के लिए युवाओं को ऐसी शिक्षा देने की नीति होनी चाहिए कि वे भावी

परिर्वतनों में अपने आप को समायोजित करके अपना विकास कर सके। नई शिक्षा नीति 2020 का इस प्रकार से क्रियान्वयन करना है कि सभी को विकास के उचित अवसर मिल सके।

संदर्भ

1. सिंह दुर्गेश, क्रॉनिकल मासिक पत्रिका, मई 2020, पृष्ठसंख्या 80–81
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020,मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार
3. https://en.wikipedia.org/wiki/National_Education_Policy_2020
4. https://pmmodiyojana.in/national-education-polic/
5. https://pmmodiyojanaye.in/national-education-policy-2020/

ACCENT JOURNAL OF ECONOMICS ECOLOGY & ENGINEERING
Peer Reviewed and Refereed Journal, ISSN NO. 2456-1037
Available Online: www.ajeee.co.in/index.php/AJEEE

CHALLENGES, PROBLEMS, OBSTACLES AND SUGGESTION FOR IMPROVING THE QUALITY OF HEI IN NEP 2020

Dr. K.R. Kanude
Govt. College Rau, Indore

The National Educational Policy 2020 focuses on Affordability, Accessibility, Quality, Equity, and Accountability to ensure lifelong learning. India is a fast-growing country with over 1113 universities and over 42000 HEIs. To boost the Indian education system the current Government introduced NEP 2020 which has a vision for transforming our country into a society of equal and living knowledge, by providing quality education for all. NEP emphasizes Multidisciplinary education, digital literacy, improving communication skills, problem-solving, logical reasoning, and Vocational education and skilling through a comprehensive framework. However, they are many challenges our country needsto face to implement it. This paper discusses the challenges HEIs would be facing to promote continual learning and create opportunities for all stakeholders to meet Sustainable Development Goals 2030.
Keywords: National Educational Policy 2020, Affordability, Accessibility, Quality, Equity, andAccountability.

Introduction:

A Survey on NEP was conducted, and 50 instructors from Telangana's rural and urban institutions responded to the survey. Ten questions were provided in a Google form, and the approach of a selective sample survey was utilized to learn about the issues and how people understood NEP. The difficulties in practice that they might encounter if NEP is adopted were gathered. Finally, solutions to the problem areb sugeested.

If successfully implemented while considering the real-world difficulties facing our current educational system, pedagogy will become more experimental, holistic, integrated, learner-centered, discovery-oriented, adaptable, and entertaining. Prime Minister Modi did describe in his speech how NEP 2020 seeks to develop Indian students into global citizens and hopes to properly guide them into the 21st century.

Results:

As educators, we are all looking forward to accepting these much-needed changes to our educational system with an open mind and optimism. We have great faith that the adoption of this eagerly awaited regulation will open up a whole new universe of knowledge for our future generations. NEP 2020 will undoubtedly have a significant impact on the production of high-quality human resources who will be prepared to face challenges in the path of future success by providing them with the necessary skills, values, and attitudes to lead our country in the desired direction of economic growth and development.
Keywords Equity, Vocational Education, Universalization of education, Holistic.

1. Do you think a budget of 6%of GDP for education is enough to reorient our education system assuggested by NEP 2020?

Yes = 38.5
No= 61.5



2. Do you think there will be privatization of education if NEP

is implementedYes = 63.5
No = 38.5



3. Do you think vocational education must be started at the school level?

Yes = 21.2
No= 78.8



